BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA

CLASS -III.   SUB-HINDI ASSIGNMENT-6

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

एक बहुत सुंदर बाग था । उसमें तरह-तरह के फूलों की क्यारियाँ थीं । नींबू, आँवला, आम , जामुन और सेब के पेड़ थे। आम के पेड़ पर बुलबुल के जोड़े ने अपना घोंसला बना रखा था । पेड़ को बुलबुल का वहाँ रहना बहुत अच्छा लगता था । अपने पत्ते हिला हिलाकर वह बुलबुल से मीठी-मीठी बातें करता और उनकी हँसी खुशी में खुश होता । जब बुलबुल का जोड़ा दाना चुगने जाता तो पेड़ ही अंडों की देखभाल करता । धूप और बरसात से बचने के लिए उन पर अपने पत्तों से छाया करता ।

प्र01) **बाग में कौन-कौन से पेड़ थे ?**

बाग में नींबू,आँवला,आम, जामुन और सेब के पेड़ थे।

प्र02) **बुलबुल के जोड़े ने कहाँ पर घोंसला बनाया** ?

बुलबुल के जोड़े ने आम के पेड़ पर अपना घोंसला बनाया था।

प्र03) **वचन बदलो-**

1) क्यारी - क्यारियाँ   **2)फूल** -फूलों

प्र04) **खाली स्थान भरो-**

1) पेड़ को बुलबुल **का रहना बहुतअच्छा लगता था ।**

प्र05) **गद्यांश में से दो अनुस्वार व अनुनासिक वाले शब्द छाँटकर लिखिए।**

आँवला   वहाँ

II) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। (2)

प्र01) गुलाब के फूल ने अपनी परछाई कहाँ देखी ?

गुलाब के फूल ने अपनी परछाई वर्षा के पानी में देखी।

प्र02) गुलाब के फूल ने किससे माफ़ी माँगी ?

गुलाब के फूल ने हवा से माफ़ी माँगी।

III) वचन बदलिए- (2)

पौधा - पौधे **फूल**- फूल

IV) निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2)

1) **हवा –** पवन वायु
2) **स**ुगंध – **महक खुशबू**

V) उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए। (2)

1) मैं स्कूल की _____ओर_______ जा रहा हूँ।(और/ओर)

2) किसान ने खेत में _____धान_____ उगाए।(धन/ धान)

VI) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। (2)

1)क्षमा - माफ़ी

फूल ने हवा से क्षमा माँगी